TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

Teachers of Bihar

The Change Makers

सुरक्षित शनिवार एवं बैगलेस डे साप्ताहिकी

सुरक्षित शनिवार

सृजन

समग्र विकास

सुरक्षा, सृजन और समग्र विकास की ओर एक पहल

बैगलेस डे

साप्ताहिकी

Teachers of Bihar

The Change Makers

सुरक्षित शनिवार

विषय - परिचय

14 मार्च 2026

“चक्रवाती तूफान / आंधी से खतरे एवं इससे बचाव के उपाय”

Teachers of Bihar

The Change Makers

सुरक्षित शनिवार

उद्देश्य

1. विद्यार्थियों को आंधी/चक्रवाती तूफान के खतरों के प्रति जागरूक करना।

2. सुरक्षा एवं बचाव के उपायों की जानकारी देना।

3. आपदा के समय सतर्कता और सही निर्णय लेने की क्षमता विकसित करना।

4. बच्चों को स्वयं तथा दूसरों को सुरक्षित रखने के लिए प्रेरित करना।

5. विद्यालय में आपदा प्रबंधन एवं सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना।

Teachers of Bihar

The Change Makers

चेतना सत्र के लिए संदेश

प्रिय बच्चों,

आज हम एक बहुत महत्वपूर्ण विषय के बारे में बात करेंगे —
चक्रवाती तूफान या तेज आंधी से होने वाले खतरे और उससे बचाव के उपाय।

बच्चों, गर्मी और बरसात के मौसम में अक्सर तेज आंधी या तूफान आ जाते हैं।
ऐसी स्थिति में पेड़ गिर सकते हैं, बिजली के खंभे टूट सकते हैं और ढीली छत या टीन उड़ सकती है। इसलिए हमें हमेशा सावधान रहना चाहिए।
जब भी तेज आंधी या तूफान आए, तो हमें सबसे पहले खुले स्थान से दूर होकर किसी मजबूत भवन या कमरे के अंदर चले जाना चाहिए। कभी भी पेड़ के नीचे, बिजली के खंभे के पास या कच्चे मकान के पास खड़े नहीं होना चाहिए, क्योंकि इससे दुर्घटना हो सकती है।अगर आप घर से बाहर हैं और अचानक तेज हवा चलने लगे, तो तुरंत किसी सुरक्षित जगह या पक्के भवन में शरण लें। आंधी के समय छत पर, खुले मैदान में या पानी के पास जाने से बचें।बच्चों, याद रखें — सावधानी ही सुरक्षा है। अगर हम थोड़ी-सी सतर्कता रखें, तो बड़ी दुर्घटनाओं से बच सकते हैं।आइए हम सभी संकल्प लें कि आंधी या तूफान के समय सुरक्षित स्थान पर रहेंगे, खुद भी सुरक्षित रहेंगे और अपने परिवार तथा आसपास के लोगों को भी इसके बारे में जागरूक करेंगे।

धन्यवाद

चेतना सत्र में दी जाने वाली जानकारी

शिक्षक बच्चों को बताएँ:

आंधी या चक्रवाती तूफान क्या होता है

इससे होने वाले खतरे

- पेड़ गिरना

- बिजली के तार टूटना

- टीन/छत उड़ना

Teachers of Bihar

The Change Makers

चेतना सत्र में शिक्षक बच्चों को बताएँ :
बचाव के उपाय

मजबूत भवन में रहना

पेड़ और बिजली के खंभे से दूर रहना

आंधी/तूफ़ान के समय खुले मैदान में न रहना

Teachers of Bihar
The Change Makers

शपथ और चेतना सत्र का समापन

सभी बच्चे मिलकर शपथ लें:

"हम आंधी और तूफान के समय सुरक्षित स्थान पर रहेंगे, पेड़ और बिजली के खंभों से दूर रहेंगे और दूसरों को भी इसके बारे में जागरूक करेंगे।"

Teachers of Bihar

The Change Makers

शुभकामना सन्देश

प्रिय विद्यार्थियों,
वार्षिक परीक्षा आपके पूरे वर्ष की मेहनत का परिणाम है। आत्मविश्वास के साथ परीक्षा दें औरअपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें। आप सभी को उज्ज्वल भविष्य के लिए ढेर सारी शुभकामनाएँ।

Teachers of Bihar

The Change Makers

Scan करें और जुड़े

Publication: Teachers of Bihar

email: teachersofbihar@gmail.com
Developed By: P. K. Pankaj,
Head Teacher
P S Adalpur, Motipur, Muzaffarpur

ToB whatsApp Channel:

https://whatsapp.com/channel/0029Va9AFpI65yD3brB8SI17